समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# अक्षय कुमार-अरशद वारसी को राजस्थान हाईकोर्ट से बड़ी राहत, ‘जॉली एलएलबी 3’ की शूटिंग पर रोक लगाने की मांग खारिज।

Publisher
Published on 09 Jun 2025



## राजस्थान हाईकोर्ट ने जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग और रिलीज पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका खारिज की। अदालत ने कहा- महज आशंकाओं के आधार पर नहीं रोकी जा सकती फिल्म।

**राजस्थान: बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमा**र और **अरशद वारसी** की बहुप्रतीक्षित फिल्म ‘**जॉली एलएलबी 3**’ को लेकर **राजस्थान हाईकोर्ट** से बड़ी राहत मिली है। फिल्म की शूटिंग के खिलाफ दर्ज की गई याचिका को अदालत ने खारिज कर दिया है।

**याचिकाकर्ता** का आरोप था कि फिल्म में **न्यायपालिका और वकीलों की छवि** को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। हालांकि, अदालत ने कहा कि महज आशंका के आधार पर शूटिंग या रिलीज पर रोक नहीं लगाई जा सकती।

**फिल्म की शूटिंग के खिलाफ दायर हुई थी याचिका**
**अक्षय कुमार** और **अरशद वारसी** अभिनीत ‘**जॉली एलएलबी 3**’ की शूटिंग राजस्थान में जारी थी। इसी दौरान अजमेर जिला अदालत में याचिका दायर कर शूटिंग और फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की गई थी।

याचिका में कहा गया था कि फिल्म के पिछले दोनों भागों में भी न्यायपालिका और वकीलों को गलत तरीके से चित्रित किया गया था, जिससे इस बार भी न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंच सकती है।

**हाईकोर्ट ने याचिका को किया खारिज**

राजस्थान हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि अभी तक फिल्म रिलीज नहीं हुई है, और न ही इसके कोई सीन सार्वजनिक किए गए हैं। अदालत ने कहा कि "केवल आशंकाओं के आधार पर **फिल्म की शूटिंग और रिलीज** पर रोक नहीं लगाई जा सकती। अगर रिलीज के बाद कोई आपत्तिजनक कंटेंट पाया जाता है तो उस पर उचित मंच (सेंसर बोर्ड या अदालत) के जरिए कार्रवाई की जा सकती है।"

हाईकोर्ट ने अजमेर जिला अदालत के फैसले को भी बरकरार रखा। उल्लेखनीय है कि यह याचिका अजमेर बार एसोसिएशन के **अध्यक्ष चंद्रभान राठौर** द्वारा दायर की गई थी।

### राजस्थान मे कंई जगहों पर हुई शूटिंग

फिल्म '**जॉली एलएलबी 3**' की शूटिंग राजस्थान के विभिन्न लोकेशंस पर की गई है। सूत्रों के अनुसार, इस फिल्म के लिए **जयपुर, जोधपुर, अजमेर** समेत अन्य जगहों पर शूटिंग की गई।

फिल्म के पहले दो भागों ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता हासिल की थी। इसी कारण से इस तीसरे भाग को लेकर दर्शकों में भी भारी उत्साह है।

### जॉली एलएलबी 3 कब होगी रिलीज ?

'**जॉली एलएलबी 3**' का निर्देशन **सुभाष कपूर** कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फिल्म इसी साल रिलीज हो सकती है। पहले दोनों भागों में **अरशद वारसी** और **अक्षय कुमार** की अदाकारी को काफी पसंद किया गया था।

अब देखना होगा कि यह तीसरी कड़ी दर्शकों के दिलों में कैसी जगह बनाती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.